बर्ष:- 06
अंक:- 48
मुरादाबाद
(Monday)
08 June 2026
पृष्ठ:-8
मूल्य:- 3.00 रूपया

दैनिक प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## महंगे सिलिंडर पर विपक्ष ने उठाए सवाल, सरकार बोली- दुनिया में सबसे कम

एलपीजी सिलिंडर की कीमत में 29 रुपये की बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में घरेलू गैस सिलिंडर 942 रुपये का हो गया है। केंद्र सरकार का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय संकट और होर्मुज में तनाव के बावजूद भारत में गैस दुनिया के कई देशों से सस्ती है। उज्ज्वला लाभार्थियों को 642 रुपये में सिलिंडर मिल रहा है। वहीं कांग्रेस ने भी कई आरोप लगाए।देश में घरेलू एलपीजी सिलिंडर की कीमत एक बार फिर बढ़ने के बाद सियासत तेज हो गई है। केंद्र सरकार ने घरेलू गैस सिलिंडर की कीमत में 29




रुपये की बढ़ोतरी की है, जिसके बाद दिल्ली में 14.2 किलो वाला घरेलू सिलिंडर 942 रुपये का हो गया है। इस बढ़ोतरी के बाद कांग्रेस समेत विपक्षी दलों ने सरकार पर जनता पर महंगाई का बोझ डालने का आरोप लगाया है। वहीं केंद्र सरकार का कहना है कि भारत में आज भी गैस सिलिंडर दुनिया के कई देशों के मुकाबले काफी सस्ता मिल रहा है और सरकार आम लोगों को बड़ी राहत दे रही है।आखिर गैस सिलिंडर की कीमत फिर क्यों बढ़ी? पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अनुसार पश्चिम एशिया में बढ़े तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य में संकट की वजह से अंतरराष्ट्रीय बाजार में एलपीजी की कीमत तेजी से बढ़ी है। भारत अपनी जरूरत का बड़ा हिस्सा विदेशों से आयात करता है, इसलिए अंतरराष्ट्रीय कीमतों का असर सीधे घरेलू बाजार पर पड़ता है।सरकार ने बताया कि फरवरी 2026 में सऊदी कॉन्ट्रैक्ट प्राइस करीब 543 डॉलर प्रति टन थी, लेकिन पश्चिम एशिया संकट और होर्मुज मार्ग पर असर पड़ने के बाद यह बढ़कर जून में करीब 790 डॉलर प्रति टन पहुंच गई। यानी चार महीनों में करीब 46 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। इसी वजह से गैस कंपनियों की लागत बढ़ी और सिलिंडर महंगा करना पड़ा।भारत में घरेलू एलपीजी सिलिंडर की कीमत बढ़ने के बाद सबसे बड़ा सवाल यही उठ रहा है कि क्या वाकई भारत में गैस दूसरे देशों के मुकाबले सस्ती है। सरकार ने अलग-अलग देशों के आंकड़े जारी कर दावा किया है कि भारतीय उपभोक्ता अभी भी दुनिया के कई देशों से कम कीमत पर रसोई गैस खरीद रहे हैं। भारत में सामान्य उपभोक्ता को 14.2 किलो का घरेलू सिलिंडर 942 रुपये में मिल रहा है। वहीं प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को 300 रुपये की सब्सिडी मिलने के बाद यही सिलिंडर प्रभावी रूप से 642 रुपये का पड़ता है। सरकार का कहना है कि यह दुनिया में सबसे कम कीमतों में से एक है। पड़ोसी देशों की बात करें तो पाकिस्तान में इसी वजन का सिलिंडर करीब 1046 रुपये का है। नेपाल में इसकी कीमत 1207 रुपये तक पहुंच गई है। बांग्लादेश में घरेलू गैस सिलिंडर करीब 1225 रुपये में मिल रहा है, जबकि श्रीलंका में इसकी कीमत लगभग 1241 रुपये बताई गई है। यानी भारत की तुलना में इन देशों में रसोई गैस ज्यादा महंगी है। विकसित देशों में कीमतें और ज्यादा हैं। अमेरिका में 14.2 किलो के बराबर घरेलू गैस सिलिंडर की कीमत करीब 1755 रुपये बताई गई है। ऑस्ट्रेलिया में यह करीब 1765 रुपये तक पहुंचती है। सबसे ज्यादा कीमत कनाडा में देखने को मिलती है, जहां इसी मात्रा की गैस करीब 2411 रुपये में मिलती है। सरकार का दावा है कि अगर भारत में भी गैस की कीमत पूरी तरह अंतरराष्ट्रीय बाजार के हिसाब से तय की जाए तो एक घरेलू सिलिंडर 1600 रुपये से ज्यादा का हो सकता है। लेकिन केंद्र सरकार और सरकारी तेल कंपनियां अभी भी बड़ा हिस्सा खुद वहन कर रही हैं ताकि आम लोगों पर पूरा बोझ न पड़े।सरकार का कहना है कि एलपीजी की असली लागत और बाजार मूल्य के बीच का अंतर सरकारी तेल कंपनियां और केंद्र सरकार मिलकर उठा रही हैं। सरकार ने बताया कि पिछले वित्त वर्ष में घरेलू एलपीजी पर अंडर-रिकवरी 60 हजार करोड़ रुपये तक पहुंच गई थी। इसमें से 30 हजार करोड़ रुपये की भरपाई के लिए केंद्र सरकार ने मंजूरी दी है।

पेट्रोलियम मंत्रालय का कहना है कि उज्ज्वला योजना के तहत 10 करोड़ से ज्यादा परिवारों को सीधी सब्सिडी मिल रही है। सरकार ने यह भी कहा कि भारत उन गिने-चुने देशों में शामिल रहा जिसने पश्चिम एशिया संकट के दौरान भी अपनी ऊर्जा सप्लाई को नहीं रुकने दिया। भारतीय जहाज लगातार होर्मुज मार्ग से तेल और गैस लेकर आते रहे, जिससे देश में किसी तरह की कमी नहीं हुई।

## न्यायपालिका को लेकर राहुल गांधी की टिप्पणी पर AIBA सख्त, कहा- इससे घटती है संस्थानों की गरिमा



ऑल इंडिया बार एसोसिएशन ने राहुल गांधी के न्यायपालिका पर दिए गए बयान की कड़ी निंदा की है। AIBA ने इसे जिम्मेदारीहीन और नुकसानदायक बताते हुए कहा कि इससे न्यायपालिका की गरिमा प्रभावित होती है।कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा न्यायपालिका को लेकर की गई टिप्पणी पर देश की कानूनी बिरादरी में तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। ऑल इंडिया बार एसोसिएशन (एआईबीए) ने उनके बयान की कड़ी निंदा करते हुए इसे जिम्मेदारीहीन, भ्रामक और संस्थागत गरिमा को नुकसान पहुंचाने वाला बताया है।एआईबीए के अध्यक्ष अदिश सी अग्रवाल ने एक बयान जारी कर कहा कि राहुल गांधी का बयान देश की न्यायपालिका की साख और विश्वसनीयता पर सवाल उठाता है, जो अत्यंत गंभीर मामला है। उन्होंने कहा कि भारतीय न्यायपालिका संविधान के तहत एक महत्वपूर्ण और पवित्र संस्थान है, जो कानून के शासन और नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा करती है। ऐसे में किसी भी तरह के सामान्यीकृत आरोप न्याय व्यवस्था पर जनता के विश्वास को कमजोर करते हैं।न्यायपालिका की भूमिका पर जोर-अग्रवाल ने कहा कि भारतीय न्यायपालिका ने अपनी स्वतंत्रता, निष्पक्षता और संवैधानिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता के कारण दुनिया भर में सम्मान अर्जित किया है। ऐसे में किसी भी प्रकार की टिप्पणी जो न्यायाधीशों की निष्पक्षता पर संदेह पैदा करे, वह लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए हानिकारक है।क्या था राहुल गांधी का बयान?- राहुल गांधी ने हाल ही में कांग्रेस के एक कार्यक्रम में दावा किया था कि उन्हें मुख्य चुनाव आयुक्त, खुफिया तंत्र के प्रमुख और वरिष्ठ न्यायपालिका के सदस्यों से संबंधित संदेश मिल रहे हैं और सिस्टम के भीतर संस्थागत विद्रोह जैसी स्थिति बन रही है। इसी बयान को लेकर विवाद खड़ा हुआ है, जिस पर अब कानूनी और राजनीतिक हलकों में बहस तेज हो गई है। राजनीतिक और कानूनी हलकों में बहस तेज- इस पूरे मामले ने एक बार फिर राजनीति और न्यायपालिका के संबंधों को लेकर बहस छेड़ दी है। विशेषज्ञों का मानना है कि संवैधानिक संस्थाओं पर सार्वजनिक बयान देते समय नेताओं को अधिक सावधानी बरतनी चाहिए, ताकि जनता का विश्वास किसी भी स्थिति में कमजोर न हो।

### संक्षिप्त समाचार

#### सूरत में ज्वेलरी फैक्ट्री में बड़ा हादसा, टैंक की सफाई के दौरान जहरीली गैस से चार मजदूरों की मौत

गुजरात के सूरत में एक ज्वेलरी निर्माण इकाई के सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान जहरीली गैस की चपेट में आने से एक सुपरवाइजर समेत चार मजदूरों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, मजदूरों के पास सुरक्षा उपकरण नहीं थे। मामले की जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है।सूरत में रविवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में चार मजदूरों की जहरीली गैस की चपेट में आने से मौत हो गई। यह घटना गुजरात के सूरत शहर के अश्विनी कुमार इलाके में स्थित एक ज्वेलरी निर्माण इकाई में हुई, जहां मजदूर सेप्टिक टैंक की सफाई का काम कर रहे थे। पुलिस के अनुसार, जिस टैंक की सफाई की जा रही थी, उसमें आभूषणों की सफाई प्रक्रिया से निकलने वाला कचरा और रासायनिक अवशेष जमा होते हैं। इस टैंक की सफाई और रखरखाव हर दो महीने में किया जाता है। रविवार सुबह एक सुपरवाइजर और तीन मजदूर टैंक के अंदर उतरे थे। टैंक में मौजूद जहरीली गैस के कारण सभी की तबीयत अचानक बिगड़ गई और वे बेहोश होकर गिर पड़े।घटना की जानकारी मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और बचाव अभियान शुरू किया। सभी चारों लोगों को टैंक से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जोन-1 के पुलिस उपायुक्त आलोक कुमार ने बताया कि शुरुआती जांच में सामने आया है कि मजदूरों के पास कोई सुरक्षा उपकरण नहीं था।

## बंगाल में टीएमसी का फ्यूज उड़ा ममता के अपने ही उन्हें सजा दे रहे हैं, भाजपा सांसद ने दिया बयान




भाजपा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि ममता बनर्जी ने बंगाल में जो अत्याचार किए हैं और करवाएं हैं उससे शर्मिंदा होकर अब उनके अपने ही उनसे दूरियां बना रहे हैं और उन्हें सजा दे रहे हैं।भाजपा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि पश्चिम बंगाल में चुनाव हारने के बाद ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी का फ्यूज उड़ चुका है। बंगाल ने उन्हें पूरी तरह नकार दिया है। जिस तरह से उन्होंने अपने शासनकाल में अत्याचार किए और करवाए थे उससे शर्मिंदा होकर अब उनके अपने ही दूरियां बना रहे हैं। ममता बनर्जी को बंगाल की जनता ने सजा दी है और अब उनके अपने भी उन्हें सजा रहे हैं।ममता से दूर होने लगे टीएमसी के नेता- ममता बनर्जी के विधानसभा चुनाव हारते ही उनके नेता दूर होने लगे हैं. विधायकों के बाद अब सांसदों ने भी उन्हें झटका दे दिया है। ममता बनर्जी ने आज मीटिंग बुलाई थी, मगर 41 में से सिर्फ 5 सांसद ही पहुंचे। लोकसभा में तृणमूल कांग्रेस के कुल 29 सांसद हैं। इनमें से 1 की मौत हो गई है तो लोकसभा के कुल 28 सांसद हुए। इन 28 सांसदों में से महज 3 सांसद ही ममता की मीटिंग में पहुंचे। वहीं राज्यसभा में कुल 13 सांसद हैं। इनमें से सिर्फ दो सांसद ममता बनर्जी की मीटिंग में पहुंचे।दिल्ली में होनी है टीएमसी सांसदों की बैठक- 8 जून को दिल्ली में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की बैठक प्रस्तावित है। इसी दिन प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भी अभिषेक बनर्जी को पूछताछ के लिए तलब किया है। ऐसे में तृणमूल के भीतर और बाहर दोनों मोर्चों पर नेतृत्व की परीक्षा मानी जा रही है। बागी खेमे से जुड़े सूत्रों का दावा है कि फिलहाल जल्दबाजी में कोई कदम नहीं उठाया जाएगा। पहले पर्याप्त संख्या में सांसदों का समर्थन जुटाने की कोशिश की जा रही है। राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि इसके बाद संसदीय स्तर पर अगली रणनीति तय की जा सकती है। बारासात की सांसद काकोली घोष दस्तीदार पहले ही संगठनात्मक पदों से इस्तीफा देकर असंतोष जता चुकी हैं। इसके अलावा देव, रचना बनर्जी, यूसुफ पठान, जून मालिया और सायोनी घोष के नाम भी राजनीतिक चर्चाओं में हैं।

## महंगे गैस सिलिंडर पर सियासी संग्राम जारी, शरद पवार बोले- सरकार को इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी



घरेलू एलपीजी सिलिंडर के दाम 29 रुपये बढ़ने के बाद विपक्ष ने केंद्र सरकार पर हमला तेज कर दिया है। शरद पवार ने कहा कि महंगाई का राजनीतिक नुकसान सरकार को भुगतना पड़ेगा। कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने भाजपा पर दोहरा रवैया अपनाने का आरोप लगाया।देश में घरेलू एलपीजी सिलिंडर की कीमतों में फिर बढ़ोतरी के बाद राजनीतिक माहौल गरमा गया है। रसोई गैस सिलिंडर के दाम 29 रुपये बढ़ने के बाद विपक्ष ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) प्रमुख शरद पवार ने कहा है कि लगातार बढ़ती महंगाई और गैस की कीमतों का राजनीतिक कीमत सरकार को चुकाना पड़ेगा। वहीं कांग्रेस नेताओं ने भी भाजपा पर दोहरा रवैया अपनाने का आरोप लगाया है।सरकारी तेल कंपनियों ने घरेलू गैस सिलिंडर की कीमत में 29 रुपये की बढ़ोतरी की है। इससे पहले मार्च महीने में भी सिलिंडर के दाम 60 रुपये बढ़ाए गए थे। सरकार का कहना है कि पश्चिम एशिया में जारी तनाव और अंतरराष्ट्रीय बाजार में ऊर्जा कीमतों में बढ़ोतरी के कारण यह फैसला लेना पड़ा। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल और गैस की सप्लाई प्रभावित होने से भारत पर भी असर पड़ा है। इसी वजह से तेल कंपनियां लगातार दबाव में हैं।शरद पवार ने सरकार पर क्या आरोप लगाए? कोल्हापुर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए शरद पवार ने कहा कि प्रधानमंत्री लगातार महंगाई नियंत्रण की बात करते हैं, लेकिन आम लोगों को हर कुछ दिनों में नए झटके दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आम आदमी की रसोई का बजट पूरी तरह बिगड़ गया है। पवार ने आरोप लगाया कि महंगाई ने मध्यम वर्ग और गरीब परिवारों की कमर तोड़ दी है। उन्होंने कहा कि जनता सब देख रही है और आने वाले समय में सरकार को इसका राजनीतिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।कांग्रेस ने भाजपा को क्यों घेरा? महाराष्ट्र कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने भी गैस कीमतों को लेकर भाजपा पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि जब केंद्र में यूपीए सरकार थी, तब भाजपा नेता गैस सिलिंडर की कीमत बढ़ने पर सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करते थे। लेकिन अब लगातार बढ़ती कीमतों पर भाजपा पूरी तरह चुप है। वडेट्टीवार ने कहा कि पेट्रोल, डीजल, सीएनजी और कमर्शियल गैस सिलिंडर की कीमतों में भी लगातार बढ़ोतरी हुई है, जिससे आम परिवारों पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। रसोई गैस की कीमत बढ़ने से सबसे ज्यादा असर मध्यम वर्ग और गरीब परिवारों पर पड़ रहा है। घरेलू बजट बिगड़ने से लोगों की परेशानी बढ़ती जा रही है। पहले से महंगे राशन, बिजली और रोजमर्रा की चीजों के बीच अब गैस सिलिंडर भी महंगा हो गया है। विपक्ष का कहना है कि सरकार महंगाई पर नियंत्रण पाने में नाकाम रही है। वहीं सरकार और तेल कंपनियों का तर्क है कि अंतरराष्ट्रीय हालात और बढ़ती लागत के कारण कीमतों में बदलाव जरूरी हो गया है।

## संपादकीय Editorial

### Trump's 'Forced Labor' Tariff

Now, US President Trump wants to become a global champion of 'forced labor.' He targets 54 countries, including India, that have failed to prevent the import of goods manufactured using bonded or forced labor. The US Trade Representative's Office has proposed imposing a 12.5 percent tariff on these countries under Section 301 of the Trade Act. Although the US Supreme Court has declared the 'Trumpist tariffs' illegal, the President still has the authority to impose a 10 percent tariff for a certain period. The global tariff imposed by President Trump using this constitutional provision expires on July 24. In fact, Trump is fundamentally a 'businessman,' and the President's office wants to push the same mindset. If 'forced labor' is prevalent in countries like India, China, Japan, Brazil, Australia, Britain, Saudi Arabia, and so on, why is the US President so concerned? Has Trump also received this contract? Taking India as an example, it is estimated that over 115,000 people are victims of forced labor. They may be child laborers, bonded laborers, or slave laborers. Forced labor is prevalent in the country's brick kilns, agriculture, cotton, textile industries, mining, shrimp processing, domestic work, carpet weaving, stone quarries, and more. Although India also has the Bonded Labor System (Abolition) Act, what impact are these conditions having on the United States? This is not a US problem, but Trump can do anything and use any justification for tariffs.

The US President has chosen another area for new tariffism. What concrete and effective efforts has the US made regarding bonded and child labor or generational slavery? In fact, this proposal for a "forced labor" tariff comes at a time when 99% of the framework for a bilateral trade agreement has been finalized with the US delegation in India. This has also been confirmed by Union Industry and Commerce Minister Piyush Goyal. The final 1% is crucial, as India believes the US is resorting to unauthorized actions through the "forced labor" tariff. President Trump now wants to compensate for the losses and damages of the Iran war through another tariff. The US has already spent $100 billion on that imposed, wasteful, and failed war. It is certainly true that President Trump earned $214 billion through "tit-for-tat" tariffs, but after a court order, the US had to refund $165 billion. Despite this, President Trump remains undeterred. He is so fond of "forced tariffs" that he has prepared a proposal to impose tariffs on dozens of trading partner countries. On the other hand, Canada, Pakistan, Mexico, Indonesia, and other countries have been identified as importing goods with minimal or no forced labor. The US will impose a 10% tariff on them. It's not going to spare anyone, as it needs to balance the US economy. Consider the hypocrisy of US law: when it comes to "forced labor," it exempts rare minerals, certain other metals, coffee, pharmaceuticals, and aircraft parts. If the US finds the ongoing exploitation in cobalt mines favorable or benefits it, then that exploitation is also welcome. Wow! Superpower America! However, the proposal has been put forward. It still needs to be implemented in 54 countries, including India. The hearing has been scheduled for June 22nd, but the intentions of the US and President Trump are clear. This could also be a threat from the US to secure further concessions from India in the trade agreement. India should not succumb to "American blackmail" and should respond firmly to the proposed tariffs. Trump is difficult to understand. He sometimes imposes tariffs, sometimes rescinds them. On one hand, he calls India his friend, while on the other, he threatens to impose new tariffs. Despite the US Supreme Court's decision, he is not abandoning his authoritarian.

# Life Stream: Unraveling the mysteries of the world is life, the key: Grow despite difficulties

The purpose of life is not merely to survive, but to learn, discover, grow, and constantly challenge your limits. The world is full of mysteries, and the journey to discover them is life itself. I have not seen life with my eyes, nor heard its music with my ears. Yet, I can say that life is a great adventure. I am not saying this from a book, but from the darkness and silence in which I have lived my life. When I was very young, illness took away my ability to see and hear. Suddenly, the world became a room with no light or sound. I could not see people's faces, hear birdsong, or understand the words that connect humans. If someone had asked me then what life was, I would probably have described it as confusion, despair, and loneliness. But later, I learned that life's meaning is not determined by circumstances. The meaning of life lies in the courage with which we face circumstances. Humans always seek security. They want to walk a path free of risk and pain. But I ask, if a seed doesn't risk sprouting in the darkness of the soil, can it ever become a tree? Obviously not. When one of my teachers first wrote the word "water" on my hand and made me touch flowing water on the other side, a new universe opened up within me. At that moment, I realized that the world is full of mysteries, and the journey to explore them is life itself. From that day, I understood that the purpose of life is not just to survive. Even plants survive. The purpose of life is to learn, discover, grow, and constantly challenge one's limits. Many people, despite being physically healthy, remain prisoners of fear. They fear failure, criticism, and change. There are also some who, despite having no resources, are remarkably courageous. They fall, and then rise again. We fail, then try again, and ultimately, only such people are able to achieve the true riches of life. Climbing a mountain is difficult, but conquering our doubts is even more difficult. A person's greatest limitations lie not in their body, but in their thoughts. When we accept that we cannot do anything, we truly lose. Therefore, I tell people to have the courage to live life. Love, even at the risk of heartbreak. Dream, even if they remain unfulfilled. Stand up for justice, even if alone. These are the moments in which life manifests itself in its full dignity. The value of life lies not in longevity, but in the courage with which we live it. And a person who lives courageously finds light even in darkness, hears music even in silence, and experiences infinite possibilities within limitations. The principle: Move forward despite difficulties. The true meaning of life is not to remain confined within safe boundaries, but to move forward with courage. The person who dares to learn, love, dream and challenge their limits despite fear, failure and difficulties, experiences light in darkness, music in silence and infinite possibilities amidst struggles.

# Politics and Policy: The BJP surprises everyone again by announcing its Rajya Sabha candidates

Politics and Policy: The BJP surprised everyone by nominating Tarun Chugh and Rajneesh Agarwal for the Rajya Sabha. Discussions are rife in the state regarding the appointment of an organization minister. Meanwhile, Indore-based IPS officer Ananya Awasthi is bringing honor to Odisha by becoming the first woman Governor's ADC. The Bharatiya Janata Party's central leadership has once again surprised everyone. Two names have been announced for the Rajya Sabha elections from Madhya Pradesh. The party has nominated National General Secretary Tarun Chugh and Madhya Pradesh BJP Treasurer Rajneesh Agarwal as its Rajya Sabha candidates. These two names were not widely discussed. Tarun Chugh is considered a trusted and close leader of the party's top leadership. Rajneesh Agarwal has been given this responsibility due to his hard work and dedication to the organization. Who will fill the BJP Organization Minister position? The post of Organization Minister in the Madhya Pradesh BJP has been vacant for several months. No new appointment has been announced since the removal of Hitanand Sharma. Following the appointment of an organization minister in Rajasthan after two and a half years, speculation has now intensified regarding the appointment of a new organization minister in Madhya Pradesh. Two prominent names are emerging. The first is that of Abhay Mahajan, who works at the Deendayal Research Institute in Chitrakoot, while the second is that of Rajmohan, the Malwa Pracharak of the Rashtriya Swayamsevak Sangh. It remains to be seen whether the Madhya Pradesh BJP will soon appoint an organization minister following the Rajasthan pattern. Indore-based IPS officer Ananya Awasthi, a 2022 batch IPS officer of the Odisha cadre, originally from Indore, has brought pride to both Indore and Madhya Pradesh. She has become the first female IPS officer in Odisha to be appointed as ADC (Aide-de-Camp) to the Governor. Upon assuming office, Ananya stated that this is an important responsibility that will provide her with extensive experience. She added that serving a constitutional officer is a matter of pride for her. Ananya's father Ashutosh Awasthi is a retired IAS officer from Madhya Pradesh and currently resides in Indore.

# Looking Back: Taking a Pause at Life is Maturity, Not Passivity

Old age offers the ability to pause and observe life. This pause isn't passivity, but rather a form of maturity in which a person begins to recognize life's true priorities. Old age isn't the final stage of life, but rather a time of experience, balance, and spiritual depth, where a person can understand themselves most clearly. Society often considers youth a symbol of energy, speed, and possibilities, but it's equally important that the true roots of any family and culture reside in its elders. They aren't simply older individuals, but witnesses to time, struggle, and the changing nature of life. Elders have experienced life's many ups and downs, so their words hold not just advice but the depth of experience. Youth is often filled with speed and ambition, while youth, in their haste to achieve the future, loses the peace of the present. In contrast, old age offers the ability to pause and observe life. This stagnation is not inactivity, but a form of maturity in which a person begins to recognize the true priorities of life. Today's generation is moving forward rapidly, but if this pace neglects the presence and experiences of elders, society begins to become hollow from within. Young people should spend some time with elders. Even conversations with them can change one's outlook on life. Elders may not have modern solutions to every problem, but they certainly possess the art of maintaining patience in difficult situations. Physical strength may diminish with time, but the dignity of experience and the depth of the mind become more intense. Often, the mere presence of an elder in the home provides stability to a family. They are the guardians of family memories, values, and traditions. A society that respects its elders not only respects its past but also makes its future more sensitive, stable, and humane. Elders are important not because they have lived longer, but because they have a deeper understanding of life.

# The Karnataka drama may repeat itself in Bengal! Why is the delay in ministerial portfolio allocations?

Even after the cabinet expansion in Bengal, portfolio allocations are still pending. This has sparked discussions about political balance and potential discontent. The Bengal cabinet was expanded on June 1st, with 35 new ministers sworn in. However, portfolio allocations have not yet been finalized. Meanwhile, after the swearing-in ceremony in Karnataka on June 3rd, the Chief Minister allocated portfolios to ministers. A political drama has also erupted in Karnataka over portfolio allocations. After the formation of the government, the most discussed issue was the displeasure of senior leader Ramalinga Reddy. The discontent over portfolio allocations, followed by his subsequent resignation, has increased the Congress leadership's concern. Indeed, the stability of a government depends not only on a majority in the Legislative Assembly, but also on the ability to maintain political and regional balance within the party. This is why the Bengal Chief Minister and the state BJP President are holding frequent meetings and making frequent visits to Delhi. The delay in portfolio allocation is also being seen as an exercise in political balance. While the results of the Bengal Assembly elections were announced on May 4th, Suvendu Adhikari was sworn in as Chief Minister on May 9th, along with five other ministers. On June 1st, the Bengal Council of Ministers was expanded, with 35 new ministers sworn in. With the induction of the new ministers, the state cabinet has grown to 41 members. Bengal has a total of 23 districts and 42 Lok Sabha seats. Following the formation of the BJP government, the biggest political debate has been the extent to which regional balance of power has been achieved, which districts and Lok Sabha constituencies have received adequate representation, and which areas have been relatively left out. Areas that received significant representation: North Bengal and Jangalmahal are considered to be the most advantaged areas in the government. Cooch Behar, Alipurduar, Jalpaiguri, and Darjeeling in North Bengal have received significant representation. Meanwhile, Purulia, Bankura, Jhargram, and West Medinipur in Jangalmahal have also managed to establish a strong presence in the power structure. Furthermore, Kolkata and North 24 Parganas in South Bengal have also gained significant importance. If we conduct a political analysis based on the 42 Lok Sabha seats, Barrackpore, Darjeeling, Alipurduar, Cooch Behar, Jalpaiguri, Purulia, Bankura, Medinipur, Kolkata North, and Kolkata South emerge as the most benefited seats. Limited Representation Areas: On the other hand, there are some areas that have received relatively less representation. These include Murshidabad, Malda, South Dinajpur, Howrah, Birbhum, and a large part of South 24 Parganas. In terms of Lok Sabha seats, seats like Malda North, Malda South, Murshidabad, Jangipur, Uluberia, Srirampur, Diamond Harbour, Raiganj, and Balurghat can be considered to have relatively weak or limited representation. Overall, the BJP government's power structure clearly reflects the influence of North Bengal and Jangalmahal, while the Malda-Murshidabad belt and parts of South Bengal have not achieved the expected share. However.

# खाटू श्याम से लौट रहे चार युवक अलीगढ़ से हिरासत में, लूटकांड में पूछताछ

खाटू श्यामजी के दर्शन कर लौट रहे मुरादाबाद के चार युवकों और कार चालक को एक जनपद की पुलिस ने अलीगढ़ से हिरासत में ले लिया। बताया जा रहा है कि इन युवकों पर संबंधित जिले में हुई लूट की घटना में शामिल होने का शक है। पुलिस द्वारा हिरासत में लिए जाने की सूचना के बाद शुक्रवार रात मुरादाबाद में दो युवकों के घरों पर भी दबिश दी गई, जिसके बाद परिजन घरों में ताला लगाकर चले गए।जानकारी के अनुसार कटघर थाना क्षेत्र के गोविंद नगर निवासी नितिन कुमार की स्विफ्ट डिजायर कार को बलदेवपुरी निवासी शिव कुमार के माध्यम से बसंत विहार निवासी रोहित, नितिन तथा पीपलसाना निवासी सतीश और रिंकू ने बुक किया था। कार चालक अभय भटनागर चारों युवकों को लेकर तीन जून को खाटू श्यामजी के दर्शन के लिए रवाना हुआ था। चार जून की सुबह सभी ने दर्शन किए और शाम को वापस लौट पड़े।बताया गया कि गुरुवार रात करीब 11 बजे चालक अभय ने अपनी मां को फोन कर कहा था कि वह



दो-तीन घंटे में घर पहुंच जाएगा, लेकिन इसके बाद उसका मोबाइल बंद हो गया। शुक्रवार तक सभी युवकों और चालक के मोबाइल बंद मिले, जिससे परिजन परेशान हो गए। कार मालिक ने फास्टैग की जानकारी निकाली तो पता चला कि गुरुवार रात 11:51 बजे अलीगढ़ में टोल पार किया गया था। इसी दौरान एक अन्य जिले में हुई लूट की घटना की जांच कर रही पुलिस ने शक के आधार पर चारों युवकों और चालक को अलीगढ़ से हिरासत में ले लिया। शुक्रवार देर रात संबंधित जिले की पुलिस मुरादाबाद में रोहित के घर भी पहुंची और पूछताछ की। पुलिस के जाने के बाद परिवार के लोग घर में ताला लगाकर चले गए। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि चारों युवकों और कार चालक के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। मामले की जांच जारीखाटू श्याम धाम से दर्शन कर लौट रहे मुरादाबाद के चार युवक और कार चालक के लापता होने के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। पता चला है कि उद्योगपति नरेंद्र अग्रवाल के घर हुई दो करोड़ रुपये के सोने की लूट के मामले में हापुड़ पुलिस ने उन्हें पूछताछ के लिए उठाया है।खाटू श्याम धाम से दर्शन कर लौटते समय अलीगढ़ से लापता हुए चारों युवक और कार चालक का अब तक पता नहीं चल पाया है। हालांकि सूत्रों का दावा है कि युवकों को हापुड़ पुलिस ने वहां के उद्योगपति के घर से दो करोड़ के सोने की लूट के मामले में उठाया और पूछताछ की जा रही है।हापुड़ पुलिस ने कटघर के बलदेवपुरी में इन युवकों की तलाश में दबिश भी दी थी। शनिवार को रोहित के घर में ताला लटका नजर आया है। कटघर के गोविंद नगर निवासी नितिन कुमार की स्विफ्ट डिजायर कार कटघर के बलदेवपुरी निवासी शिव कुमार के जरिये बलदेवपुरी बसंत विहार निवासी रोहित, नितिन और पीपलसाला निवासी सतीश और रिंकू ने बुक की थी।तीन जून की दोपहर चारों युवकों को उनका चालक गोविंद नगर निवासी अभय भटनागर लेकर रवाना हुआ था।

चार जून की सुबह करीब चार बजे इन लोगों ने दर्शन कर लिए थे और शाम करीब चार बजे रवाना हो गए थे लेकिन पांच जून की सुबह तक भी यह लोग मुरादाबाद नहीं पहुंच पाए थे।सभी के मोबाइल बंद हो गए। आखिरी लोकेशन अलीगढ़ मिली थी। चारों युवक और चालक के परिवार ने कटघर थाने में तहरीर देकर युवकों की तलाश करने की मांग की। लापता युवकों में रोहित पिछले साल अक्तूबर माह में कटघर क्षेत्र में बजरंग दल कार्यकर्ता शोभित की हत्या के मामले में जेल भेजा गया था और करीब 15 दिन पहले ही जमानत पर रिहा हुआ था। उधर, एक जून की रात हापुड़ के देहात थाना क्षेत्र में गिरधारी नगर मोहल्ला निवासी उद्योगपति एवं एटीएमएस कॉलेज के चेयरमैन नरेंद्र अग्रवाल के घर बदमाशों ने धावा बोलकर करीब दो करोड़ रुपये का सोना लूट लिया था। इस मामले में पुलिस ने कुछ संदिग्धों से पूछताछ की। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के जरिये कटघर में बलदेवपुरी निवासी रोहित के घर भी दबिश दी थी लेकिन रोहित और उसका भाई पुलिस को नहीं मिला था। परिवार के लोगों से पूछताछ के बाद टीम चली गई थी। सूत्रों का दावा है कि खाटू श्याम से लौटते समय ही हापुड़ पुलिस ने चारों युवकों और चालक को अलीगढ़ से उठा लिया और उनसे पूछताछ की जा रही है। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि चारों युवकों और कार की तलाश की जा रही है। अब तक युवकों का कोई सुराग नहीं लग पाया है।

# ये दोहरा मापदंड..., मस्जिद पर चला बुलडोजर तो भड़क गए सपा सांसद बर्क, असद मुठभेड़ को भी बताया फर्जी

समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने असद की मुठभेड़ को फर्जी बताया है। उन्होंने उत्तर प्रदेश में हुए कई मुठभेड़ों पर भी सवाल उठाए। बर्क ने मुठभेड़-बुलडोजर के जरिए सजा दिए जाने का विरोध किया है। मस्जिद पर बुलडोर कार्रवाई पर कार्रवाई की है। लाख कोशिशों के बावजूद संभल प्रशासन जियाउर्रहमान बर्क का। उन्होंने अपने सोशल मीडिया दिए हैं। सांसद का कहना है कि अधिकारियों ने आंखों कानूनी दलीलों को भी नहीं सुना गया। इससे इंसाफ पर नहीं मानता। मस्जिद शहीद होने के बाद पूरे गांव में गम कहा कि नाइंसाफी के खिलाफ यह आवाज हमेशा बुलंद आरोप- वहीं, समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउर्रहमान भी सवाल उठाए। बर्क ने मुठभेड़-बुलडोजर के जरिए सरकार पर दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप लगाया। को जवाबी कार्रवाई में गोली चलानी पड़े। उन्होंने उदाहरण



सांसद ने कहा कि अधिकारियों ने आंखों पर पट्टी बांधकर एक तय निशाने के साथ यह ने कसेरूवा गांव में मस्जिद को शहीद कर दिया। यह कहना है सपा के सांसद प्लेटफार्म एक्स पर यह प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इस कार्रवाई पर गंभीर सवाल खड़े कर पर पट्टी बांधकर एक तय निशाने के साथ यह कार्रवाई की है। लोगों की फरियाद और लोगों का भरोसा कमजोर पड़ने लगा है। भारत का संविधान किसी को कानून से ऊपर और मातम का माहौल है। मां-बहनों की आंखें नम हैं और बच्चे सहमे हुए हैं। सांसद ने होती रहेगी। सपा सांसद बर्क ने असद मुठभेड़ को बताया फर्जी, दोहरे मापदंड का बर्क ने असद की मुठभेड़ को फर्जी बताया है। उन्होंने उत्तर प्रदेश में हुए कई मुठभेड़ों पर सजा दिए जाने का विरोध किया है। एक कार्यक्रम में उन्होंने पुलिस-प्रशासन और सांसद बर्क ने कहा कि असली मुठभेड़ तब होती है जब आरोपी गोली चलाए। पुलिस दिया कि मुस्लिम व्यक्ति द्वारा हिंदू की हत्या पर मुठभेड़ होती है। वहीं, हिंदू व्यक्ति द्वारा हिंदू की हत्या पर केवल गिरफ्तारी होती है। बर्क ने सवाल किया कि कानून सबके लिए बराबर होने पर यह कैसा संदेश है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सजा देने का काम न्यायालय का है। पुलिस प्रशासन का यह काम नहीं है। सांसद ने गलत करने वाले अधिकारियों को परिणाम भुगतने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि वह असद के कृत्य का बचाव नहीं कर रहे हैं। कानून, संविधान और उनका मजहब हत्या की इजाजत नहीं देता है। लेकिन कानून पर सरकार दोहरा मापदंड अपना रही है। इसका विरोध कर रहे हैं।

# PAC मुरादाबाद में मोबाइल पर टोकाटाकी बनी बवाल: हेड कॉन्स्टेबल और सिपाही में मारपीट, बंदूक तानी

मुरादाबाद की 24वीं वाहिनी पीएसी में मोबाइल के इस्तेमाल को लेकर हेड कॉन्स्टेबल और कॉन्स्टेबल के बीच मारपीट हो गई। ड्यूटी के दौरान मोबाइल उपयोग पर टोकाटाकी से शुरू हुआ विवाद हाथापाई में बदल गया, जिसके बाद दोनों का मेडिकल परीक्षण कराया गया और जांच के आदेश दिए गए हैं। 24वीं वाहिनी पीएसी में शनिवार दोपहर मोबाइल के इस्तेमाल को लेकर हेड कॉन्स्टेबल और कॉन्स्टेबल के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों के बीच मारपीट हो गई। घटना के बाद पीएसी परिसर में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मामले की जानकारी उच्च अधिकारियों तक पहुंचने पर दोनों कर्मियों का मेडिकल परीक्षण कराया गया।



जानकारी के अनुसार, कॉन्स्टेबल अमित राठी की गेट पर पहरा ड्यूटी लगी हुई थी। आरोप है कि ड्यूटी के दौरान वह मोबाइल फोन लेकर पोस्ट छोड़कर दूसरे स्थान पर बैठ गए थे। इसी दौरान हेड कॉन्स्टेबल शिवराज ने उन्हें ड्यूटी के प्रति लापरवाही बरतने और मोबाइल इस्तेमाल करने पर टोका। इस बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते गाली-गलौज में बदल गई।गेट ड्यूटी के दौरान मोबाइल इस्तेमाल और पहरे की ड्यूटी के दौरान बैठने को लेकर हुआ विवाद- प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों में हाथापाई शुरू हो गई। हेड कॉन्स्टेबल शिवराज का आरोप है कि कॉन्स्टेबल अमित राठी ने उन्हें दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। वहीं विवाद के दौरान लाइसेंसी रायफल तानने का भी आरोप लगाया गया है। हालांकि इस संबंध में अधिकारियों द्वारा जांच की जा रही है।दोनों पक्षों का कराया गया मेडिकल परीक्षण- घटना करीब दोपहर 12:45 बजे की बताई जा रही है। मारपीट में दोनों कर्मियों को चोटें आई हैं। मामला वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के संज्ञान में पहुंचने के बाद दोनों का मेडिकल परीक्षण कराया गया और पूरे घटनाक्रम की रिपोर्ट तलब की गई है। पीएसी अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच कराई जा रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। नुशासनहीनता और ड्यूटी के दौरान हुए विवाद को गंभीरता से लिया गया है।

# दिल्ली में योगा कोर्स करने गई महिला से हैवानियत, मायके पहुंचा रंगदारी मांगने वाला आरोपी तो खुला घिनौना राज

दिल्ली में योगा कोर्स करने गई मुरादाबाद की महिला से सामूहिक दुष्कर्म हुआ और अश्लील वीडियो बनाकर 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई। पुलिस ने महिला के पति, ससुर समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।दिल्ली में फिजिकल ट्रेनर और योगा का कोर्स करने गई कटघर की महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया। इस दौरान आरोपितों ने अश्लील वीडियो भी बना ली। वीडियो प्रसारित करने की धमकी देकर महिला और उसके पिता से 20 लाख रुपये की मांग की गई। महिला के पिता का आरोप है कि बेटी के पति और ससुर ने साजिश के तहत दिल्ली भेजा था। पुलिस ने शिकायती पत्र के आधार पर आरोपित पति, सास, ससुर और दिल्ली के दो युवकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है।कटघर पुलिस को महिला के पिता ने दिए शिकायती पत्र में बताया कि 14 अगस्त 2013 में उसकी बेटी की शादी उत्तराखंड के उधम सिंह नगर जिले के जसपुर क्षेत्र निवासी युवक के साथ हुई थी। करीब दो साल पहले उसकी बेटी के पति ने जसपुर में जिम खोला था। जिसे खोलने के लिए 25 लाख रुपये उससे लिए थे।दिसंबर 2025 को उसकी बेटी को पति और सास ससुर ने फिजिकल ट्रेनर और योगा का कोर्स करने के लिए दिल्ली भेज दिया था। दिल्ली के रोहिणी स्थित योगा स्कूल में उसकी मुलाकात दिल्ली के नजफगढ़ निवासी भविष्य से हो गई थी। फरवरी 2026 को आरोपित भविष्य महिला को अपनी बुआ अनीता पनवर के घर नजफगढ़ ले गया। वहां अनीता पनवर और सरला देवी ने उसे कोल्ड ड्रिंक पिलाई। कोल्ड ड्रिंक पीने के बाद वह बेहोश हो गई। इसके बाद आरोपित भविष्य और उसके बुआ के बेटे मुकुल ने सामूहिक दुष्कर्म किया और वीडियो बना ली। जब वह होश में आई तो आरोपितों ने उससे 20 लाख रुपये की मांग की। मांग पूरी न होने पर अश्लील वीडियो प्रसारित करने की धमकी दी। इस घटना से घबराई युवती अपने पिता के घर आ गई और उसने नशे की गोलियां खाकर खुदकुशी की कोशिश की। पूछताछ करने पर महिला ने स्वजन को आपबीती सुनाई। एक जून 2026 को आरोपित भविष्य मुरादाबाद में रंगदारी की रकम लेने के लिए पहुंच गया। उसने वीडियो काल की थी तब पता चला कि कार में आरोपित भविष्य के साथ उसकी बेटी का पति भी मौजूद था। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि पुलिस ने शिकायती पत्र के आधार पर आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### सूरज की तपिश से लोग हो रहे बेहाल, अगले सप्ताह चालीस पार पहुंचेगा पारा

पश्चिमी विक्षोभ का असर कमजोर पड़ते ही बढ़ने लगी सूरज की तपिश बारिश के आसार न होने से सूरज की तपिश बढ़ती जा रही है। गर्मी से लोग बेहाल रहे। देर शाम तक तपिश बरकरार रही। जिससे लोगों में बेचैनी बनी रही। पंखा, कूलर बेअसर रहा। अगले सप्ताह पारा चालीस के पार हो जाएगा। जिससे लू के थपेड़े फिर झुलसाएंगे। बारिश के आसार न होने से सूरज की तपिश बढ़ती जा रही है। गर्मी से लोग बेहाल रहे। देर शाम तक तपिश बरकरार रही। जिससे लोगों में बेचैनी बनी रही। पंखा, कूलर बेअसर रहा। अगले सप्ताह पारा चालीस के पार हो जाएगा। जिससे लू के थपेड़े फिर झुलसाएंगे। अधिकतम तापमान चढ़ा- शनिवार को तेज धूप से लोग गर्मी से परेशान रहे। सूरज की तपिश से दोपहर में सड़कों पर सूनापन रहा। तापमान बढ़ने से देर शाम तक सूरज की तपिश बनी रही। राहत के लिए लोग छांव की तलाश करते रहे। दिन में शिकंजी, नारियल पानी, कोल्ड ड्रिंक्स आदि का सेवन कर खुद को लोगों ने तरोताजा किया। अधिकतम तापमान बढ़कर 37.5 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी- जबकि न्यूनतम तापमान 25.4 डिग्री सेल्सियस रहा। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने भीषण गर्मी और संभावित लू को देखते हुए यलो अलर्ट जारी है। अगले कुछ दिनों में तापमान बढ़ने से गर्मी और अधिक होने का अनुमाान जताया गया है। अगले सप्ताह अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक होने पर एक बार फिर लू के थपेड़े झुलसाएंगे। पश्चिमी विक्षोभ का असर कमजोर- पश्चिमी विक्षोभ का असर कमजोर पड़ने से मानसून और देर से सक्रिय होने की बात कही जा रही है। इसको देखते हुए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने तहसीलों से भी मौसम को देखते हुए एहतियाती उपाय सुनिश्चित करने की सलाह दी है। मानसून 22-27 जून के बीच मुरादाबाद सहित पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अन्य जिलों में सक्रिय होने का अनुमान जताया गया है। 11 जून तक का अनुमानित तापमान-

तारीख अधिकतम तापमान न्यूनतम तापमान सात जून 37 डिग्री सेल्सियस 26 डिग्री सेल्सियस आठ जून 38 डिग्री सेल्सियस 26 डिग्री सेल्सियस नौ जून 39 डिग्री सेल्सियस 27 डिग्री सेल्सियस 10 जून 41 डिग्री सेल्सियस 27 डिग्री सेल्सियस 11 जून 40 डिग्री सेल्सियस 26 डिग्री सेल्सियस

### राष्ट्रीय एकता चौक पर ऊंचा किया जाएगा सरदार पटेल के स्टेच्यू का फांउडेशन

पीली कोठी चौराहे से हटा दी गई सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा- शहर की हृदयस्थली सिविल लाइंस में पीलीकोठी चौराहा (अब राष्ट्रीय एकता चौक) पर स्थापित सरदार वल्लभ भाई पटेल के स्टेच्यू के फांउडेशन का प्लेटफार्म ऊंचा किया जाएगा। चौराहे पर से सरदार पटेल का स्टेच्यू हटने को लेकर लोगों में कौतूहल रहा। हर आने जाने वाले की नजर उस पर पड़ती रही। जिससे लोगों में जिज्ञासा जगी।शहर की हृदयस्थली सिविल लाइंस में पीलीकोठी चौराहा (अब राष्ट्रीय एकता चौक) पर स्थापित सरदार वल्लभ भाई पटेल के स्टेच्यू के फांउडेशन का प्लेटफार्म ऊंचा किया जाएगा। चौराहे पर से सरदार पटेल का स्टेच्यू हटने को लेकर लोगों में कौतूहल रहा। हर आने जाने वाले की नजर उस पर पड़ती रही। जिससे लोगों में जिज्ञासा जगी। बीते साल बदला गया था नाम- पिछले साल सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर पीलीकोठी चौराहे का नाम बदलकर राष्ट्रीय एकता चौक नगर निगम के द्वारा कर दिया गया था। यहां सरदार वल्लभ भाई पटेल की विशालकाय स्टेच्यू (प्रतिमा) लगाई गई थी। जिसका अनावरण मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह और महापौर विनोद अग्रवाल ने नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल आदि के साथ किया था। इस चौराहे का नाम बदलकर राष्ट्रीय एकता चौक कर दिया गया था। पटेल प्रतिमा हटने से चर्चा तेज- अचानक चौराहे से सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा हटी तो लोग हैरत में पड़ गए। लोगों में यह उत्सुकता रही कि अचानक क्या हो गया। अपर नगर आयुक्त अजीत कुमार सिंह ने बताया कि चौराहे पर लगी सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा का फाउंडेशन नगर निगम की ओर से ऊंचा कराया जा रहा है। इसके लिए मूर्ति हटवाई गई है जिसे बहुत जल्द फिर से लगा दिया जाएगा। फांउडेशन के प्लेटफार्म को ऊंचा करने का कार्य चल रहा है।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

**संपादक - नरेश राज शर्मा**

**मो. 9027776991**

**RNI NO- UPBIL/2021/83001**

**इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।**

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# नवीन एसडीओपी कार्यालय भवन का लोकार्पण, पुलिस व्यवस्था होगी और सुदृढ़




क्यूँ न लिखूँ सच/ राजकुमार शर्मा (कटारे)/ शिवपुरी/करैरा। करैरा में नवीन एसडीओपी कार्यालय भवन का लोकार्पण रविवार को गरिमामय समारोह में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक अरविंद कुमार सक्सेना रहे। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक यांगचेन डोलकर भूटिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मूले, एसडीओपी डॉ. आयुष जाखड़, एसडीएम अनुराग निंगवाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।अतिथियों ने फीता काटकर नवीन भवन का लोकार्पण किया तथा पुलिस थाना परिसर स्थित सीसीटीवी कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। अधिकारियों ने कहा कि नए कार्यालय भवन के शुरू होने से पुलिस कार्यों के संचालन में सुगमता आएगी और आम नागरिकों को अधिक पारदर्शी एवं त्वरित सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

उन्होंने बताया कि आधुनिक सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था कानून-व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इससे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी तथा अपराधों की निगरानी और नियंत्रण में सहायता मिलेगी।

कार्यक्रम में पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों ने नवीन भवन के शुभारंभ पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र की सुरक्षा एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

# विश्व साइकिलिंग दिवस पर निकली 'संडे ऑन साइकिल' रैली, 200 से अधिक लोगों ने लिया हिस्सा




क्यूँ न लिखूँ सच/ राजकुमार शर्मा (कटारे)/ शिवपुरी। विश्व साइकिलिंग दिवस के अवसर पर फिट इंडिया अभियान के तहत रविवार को जिला मुख्यालय पर संडे ऑन साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली में 200 से अधिक साइकिलिस्टों, युवाओं और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर फिटनेस, स्वस्थ जीवनशैली और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। र्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष नेहा यादव रहीं। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि हरिओम राठौर, विजय शर्मा, हरवीर रघुवंशी और लवलेश जैन सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। वहीं जिला प्रशासन की ओर से जिला पंचायत सीईओ विजय राज, अतिरिक्त सीईओ ब्रह्मेंद्र गुप्ता, जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी डॉ. के.के. खरे तथा जिला क्रीड़ा अधिकारी चंद्रशेखर बेमते सहित अन्य अधिकारी शामिल हुए।

साइकिल रैली का शुभारंभ तात्या टोपे स्मारक से किया गया। रैली कलेक्ट्रेट, कोर्ट रोड, माधव चौक और गुरुद्वारा चौक से होते हुए पुनः तात्या टोपे स्मारक पहुंचकर संपन्न हुई। रैली में शामिल प्रतिभागियों ने नियमित व्यायाम, साइकिलिंग और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।

कार्यक्रम में शिवपुरी पेडलर ग्रुप के अध्यक्ष प्रवीण गोयल, एडवोकेट विष्णु गोयल, अजय बाथम, शिशुपाल सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमियों एवं नागरिकों ने भाग लिया। स्कूली छात्र-छात्राओं की भी उल्लेखनीय सहभागिता रही।

आयोजकों ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम लोगों को स्वस्थ एवं सक्रिय जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं। साथ ही साइकिलिंग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाकर पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान दिया जा सकता है।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

# मंडल में बाढ़ से निपटने को बड़ी तैयारी , 29 बड़ी परियोजनाओं को पूरा करने को पसीना बहा रहे विभाग



क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। मौसम विभाग ने अबकी बार अच्छी मानसूनी कृपा बरसने की भविष्यवाणी की है तो इससे बरेली मंडल में बाढ़ की चिंताएं भी बढ़ गई हैं। बरेली में रामगंगा, बहगुल, पीलीभीत में शारदा-देवहा, बदायूं में गंगा और शाहजहांपुर में गंगा-गर्रा जैसी नदियों का इतिहास सबको फिर टेंशन में डाल रहा है। बाढ़ की आंशका के चलते मंडल प्रशासन ने अभी से जरूरी तैयारियां शुरू कर दी हैं।

15 जून तक काम पूरा करने की हिदायत- बाढ़ खंड 139 करोड़ के बजट से 29 परियोजनाएं पूरी करने में जुटा है। तटबंधों की तेजी से मरम्मत और कटान रोकने के लिए जरूरी जतन किए जा रहे हैं। अफसरों को 15 जून तक सभी काम पूरा करने की हिदायत दी गई है। मंडलायुक्त भूपेन्द्र एस. चौधरी ने सभी डीएम और सिंचाई अफसरों को समय रहते बाढ़ से बचाव के इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं।

